दिनांक 18.08.2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई निगम क्षेत्र में 193718 नग वितरित हुआ क्लोरीन टैबलेट, जलजनित बीमारियों से बचाव हेतु घर-घर दे रहे जागरुकता का संदेश

भिलाईनगर / भिलाई निगम क्षेत्र में पीलिया एवं जलजनित बीमारियों से बचाव हेतु निगम कर्मी घर-घर जाकर क्लोरीन टैबलेट वितरण कर रहे है , स्वास्थ्य विभाग का अमला निगम क्षेत्र के वार्डों के गली-मोहल्लों के नाली सफाई कार्य में जुटे हुए हैं, ताकि पीलिया जैसी जल जल जनित बीमारी न हो ! निगम प्रशासन 193718 नग क्लोरीन टैबलेट घर-घर में वितरण कर चुकी है। निगम की टीम एवं मितानीनें घरों में जाकर सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित मरीजों को तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दे रही है। भिलाई निगम के सभी जोन के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा पीलिया जैसी जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए वार्डों में घर-घर जाकर पानी की शुद्धता के लिए क्लोरीन टैबलेट बांट रहे हैं इसके साथ ही बताया जा रहा है कि उबला हुआ एवं साफ छना हुआ पानी ही पीने हेतु उपयोग करे ताकि किसी प्रकार से जलजनित बीमारी न हो। जोन स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि नलकूल , बोरिंग एवं अन्य जल स्रोत से नमूना लेकर लैब में परीक्षण कराया जा रहा है और प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है! नगर निगम का अमला पीलिया जैसे जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए घरों में क्लोरीन टैबलेट का वितरण कर रही है, जोन 01 के 12000 घरों में 59958 नग टैबलेट, जोन 02 के घरों में 48432 नग क्लोरीन टैबलेट, जोन 03 के घरों में 45998 नग क्लोरीन टैबलेट तथा जोन 04 के 3558 घरों में 32350 नग क्लोरीन टैबलेट वितरण किया जा चुका है, इसके अतिरिक्त बीएसपी क्षेत्र में भी क्लोरीन टेबलेट का वितरण किया गया है! अब तक सभी जोन कार्यालयों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा 193718 नग क्लोरीन टैबलेट वितरण किया जा चुका है। जलजनित बीमारयों से बचाव के लिए निगम के स्वास्थ्य विभाग के साथ मितानीनें व आंगनबाड़ी सहायिकाएं भी सहयोग कर रहीं हैं! विभिन्न जल स्रोतों से नमूना लेकर परीक्षण किया जा रहा है!